सराहनीय कार्य दिनांक 06-04-2025 थाना मटसेना जनपद फिरोजाबाद।

- **थाना मटसेना पुलिस टीम द्वारा हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्तों धीरेन्द्र व रब्बी को किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड, रस्सी व एक बुलेट मोटरसाइकिल बरामद।**

दिनाँक 13-10-2024 को समय करीब 08.35 बजे सुबह रामबाबू पुत्र महाराज सिंह निवासी ग्राम आनन्दीपुर करकौली थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद के खेत में एक अज्ञात पुरुष जिसकी उम्र करीब 28 वर्ष का शव लावारिस हालत में पड़ा मिला था। जिसके सम्बन्ध में थाना मटसेना पर मु0अ0सं0 224/2024 धारा 103(1)/238/140(1)/3(5) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। उक्त घटना के अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल नेतृत्व में 02 पुलिस टीमों को गठन किया गया था। इसी क्रम में थाना मटसैना पुलिस टीम द्वारा थाना मटसेना पर दिनाँक 13.10.2024 को पंजीकृत मु0अ0सं0 224/2024 धारा 103(1)/238/140(1)/3(5) बीएनएस से सम्बन्धित 02 अभियुक्त 1. धीरेन्द्र उर्फ मिन्नू पुत्र रवि शर्मा 2. रब्बी उर्फ रबजीत पुत्र इन्द्रपाल को विजयपुरा तिराहे थाना मटसेना जनपद फिरोजाबाद से हत्या में प्रयुक्त लोहे की रॉड, रस्सी व एक बुलेट मोटरसाइकिल सहित किया गया गिरफ्तार। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।

घटना का विवरण- दिनाँक 13-10-2024 को समय करीब 08.35 बजे सुबह रामबाबू पुत्र महाराज सिंह निवासी ग्राम आनन्दीपुर करकौली थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद के खेत में एक अज्ञात पुरुष जिसकी उम्र करीब 28 वर्ष का शव लावारिस हालत में पड़ा मिला था जिसकी शिनाख्त हेतु जनपद व गैर जनपदों में जगह जगह पम्पलेट व पोस्टर चस्पा कराये गये थे। बटेश्वर के पास जैन मन्दिर पर लगे अज्ञात शव के पम्पलेट को देखकर मृतक रविकान्त उपरोक्त के भाई अर्जुन सिंह पुत्र सुखराम निवासी नैपई थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद व उसके परिजनों द्वारा शव की शिनाख्त उसके भाई रविकान्त पुत्र सुखराम निवासी नैपई थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद के रूप में की गयी है जिसमें अभियुक्तगण 1. प्रेमबाबू उर्फ भूरा पुत्र श्याम बाबू शर्मा 2. धीरेन्द्र उर्फ मिन्नू पुत्र रवि शर्मा निवासी बवाइन थाना खैरगढ़ 3. रब्बी उर्फ रबजीत पुत्र इन्द्रपाल निवासी रसीदपुर कनैटा थाना मटसैना फिरोजाबाद के नाम प्रकाश में आये हैं। अभियुक्तगणों के द्वारा मृतक रविकान्त उपरोक्त को घर से काम पर ले जाने के बहाने बुलाकर शराब पिलाकर मारपीट करने के उपरान्त आनन्दीपुर करकौली के जंगल में जाकर एक राय होकर गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। घटना के सम्बन्ध में अभियुक्तगण 1 धीरेन्द्र उर्फ मिन्नू पुत्र रवि शर्मा निवासी बवाइन थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद 2. रब्बी उर्फ रबजीत पुत्र इन्द्रपाल निवासी

रसीदपुर कनैटा थाना मटसैना फिरोजाबाद को विजयपुरा तिराहे से गिरफ्तार किया गया। उक्त अभियुक्तगण की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त एक रस्सी, एक सरिया (आलाकत्ल) व एक बुलेट मोटरसाइकिल बरामद किया गया।

नाम पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण -

1 धीरेन्द्र उर्फ मिन्नू पुत्र रवि शर्मा निवासी बवाइन थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद
2. रब्बी उर्फ रबजीत पुत्र इन्द्रपाल निवासी रसीदपुर कनैटा थाना मटसैना फिरोजाबाद

बरामदगी का विवरण –

1. एक अदद लोहे की रॉड (सरिया) जिससे मृतक रविकान्त के साथ मारपीट की गयी थी।
2. एक अदद रस्सी जिससे मृतक के हाथ पैर बाँधे गये थे।
3. एक बुलेट मोटरसाइकिल।

गिफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

1. शिव कुमार चौहान प्रभारी निरीक्षक थाना मटसैना फिरोजाबाद
2. उ0नि0 अमित तोमर प्रभारी सर्विलांस/एसओजी मय टीम जनपद फिरोजाबाद
3. उ0नि0 राकेश कश्यप थाना मटसैना फिरोजाबाद
4. उ0नि0 अशोक कुमार थाना मटसैना फिरोजाबाद
4. है0का0 863 दिनेश कुमार थाना मटसैना फिरोजाबाद
5. का0 1311 प्रभुदयाल शर्मा थाना मटसैना फिरोजाबाद
6. का0 37 विक्रम सिंह थाना मटसैना फिरोजाबाद